News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-91
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार, 06 जुलाई 2024



**आज का विचार**

सादगी से बढ़कर कोई श्रृंगार नहीं होता और विनम्रता से बढ़कर कोई व्यवहार नहीं होता।

### मोतिहारी में वार्ड सदस्य की मौत

## नल जल का मोटर चालू करने गया और करंट लगने से चली गई जान

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

पूर्वी चंपारण जिला में हादसा हो गया है. केसरिया थाना क्षेत्र के कढ़ान गांव के वार्ड सदस्य राजकिशोर शर्मा की करंट लगने से मौत हो गई है. वार्ड सदस्य राजकिशोर शर्मा नल जल के मोटर को चलाने गए थे. उसी दौरान उनको करंट लग गया. घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई. घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.



मिली जानकारी के अनुसार कढ़ान गांव के वार्ड नंबर एक के वार्ड सदस्य राजकिशोर शर्मा प्रतिदिन की तरह नल जल का मोटर चालू करने गए थे. इसी दौरान वह बिजली की चपेट में आ गए. बिजली करंट की चपेट में आने के बाद स्थानीय लोग आनन-फानन में बेहोशी की हालत में उन्हें इलाज के लिए केसरिया सीएचसी ले गए. जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ सीएचसी में इकट्ठा हो गई. चकिया डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि, घटना की जानकारी मिली है. मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. घटना की जांच की जा रही है. परिजनों की तरफ से अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है.

हादसे के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है. स्थानीय ग्रामीण भी सदमे में हैं. लोगों का कहना है कि राजकिशोर सौम्य स्वभाव के थे. लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे. उनकी मौत से इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है.

### मॉनसून से गर्मी तो खत्म लेकिन आई दूसरी चेतावनी

## बिहार के 9 जिलों में ऑरेंज तो 7 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

पटना, बिहार में मॉनसून 2024 अपने रंग में है। इस दफे ऐसा लग रहा है कि मॉनसून पिछले दो साल की कमी पूरी करने के मूड में है। बिहार के कई जिलों में दो दिनों से रुक रुक कर बारिश हो रही है। वहीं उत्तर बिहार में मॉनसून एक बार फिर से आफत का सबब बनता दिख रहा है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने 05 जुलाई 2024 यानी आज 9 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। इन 9 जिलों में अति भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के सिवान, मुजफ्फरपुर, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी और अररिया जिलों के एक या दो स्थानों में अति भारी वर्षा होने की संभावना है।



वहीं कुल 7 जिलों में आज यानी 05 जुलाई के लिए पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बरसात का येलो अलर्ट जारी किया है। ये जिले भी उत्तर बिहार और कोसी रेंज के ही हैं। पटना मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के शिवहर, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, समस्तीपुर और सुपौल जिलों के एक या दो स्थानों में भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके बाद 06 से 08 जुलाई के बीच भी कुछ जिलों में भारी बारिश की आशंका है।

### सिवान में डबल मर्डर से सनसनी

## शख्स ने मां-बाप और भाई को चाकू घोंपा, दो की मौत

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

सिवान, सिवान जिले में एक बेटे ने अपने माता, पिता और भाई पर चाकू से हमला कर दिया. इस घटना में मां और भाई की मौत हो गई. जबकि पिता जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है. घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है. बता दें कि पुलिस ने आरोपी अवधेश को गिरफ्तार कर लिया है.



जानकारी के अनुसार, जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलेथा गांव निवासी शिवनाथ शाह अपने घर पर थे. वहीं, उनका छोटा पुत्र सूरज कुमार पिकअप पर सामान लोड कर कहीं ले जा रहा था. तभी अचानक सूरज का बड़ा भाई अवधेश आया और उससे उलझ गया. देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि अवधेश ने ताबड़तोड़ अपने भाई सूरज पर चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया.

जब सूरज कुमार की मां उसे बचाने के लिए दौड़ी तो अवधेश ने मां पर भी चाकू से हमला कर दिया. बाद में उसने पिता पर भी चाकू से वार कर दिया. इस घटना में मां और भाई की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई. गांव के लोग किसी तरह से आकर पिता को बचाने लगे. बाद में स्थानीय लोगों ने घायल पिता को अस्पताल में भर्ती कराया. फिलहाल पिता शिवनाथ साह की स्थिति गंभीर बनी हुई है. पुलिस ने आरोपी अवधेश को गिरफ्तार कर लिया है.

### पटना में डिवाइडर से टकरायी कार

## बाइक को मारी टक्कर, भागने के दौरान 5 को रौंदा

चन्दन कुमार चौबे 7 सिटी चीफ

पटना, पटना में भीषण सड़क हादसा हुआ है. इस हादसे में दो की मौत हो गई है. मृतक दोनों रिश्ते में भाई-बहन थे. जो बाइक पर सवार होकर पिता के साथ जा रहे थे. वहीं 7 लोग जख्मी बताए जा रहे हैं. घटना के बाद से स्थानीय लोगों में गुस्सा देखा जा रहा है. बताया जा रहा है कि एक अनियंत्रित कार ने इस घटना को अंजाम दिया है.यह हादसा पटना-गया फोरलेन पर बिहटा सरमेरा चरमुहानी पर हुआ है. जहां पर बेलगाम कर ने लोगों को रौंद डाला है. कहा जा रहा है कि, कार सबसे पहले डिवाइडर से टकराई, उसके बाद एक बाइक सवार को ठोकर मारी. इसके बाद भागने के दौरान पांच लोगों को रौंद दिया. हादसे के बाद कार भी पलट गयी, जिसमें सवार तीन महिला भी जख्मी हुई हैं.इस घटना से पूरे गांव के लोगों में आक्रोश है. कार में सवार घायल तीन महिलाओं को लोग मारने पर उतारू हो रहे थे. हालांकि मौके पर पुलिस पहुंचकर सभी को कंट्रोल करने में लगी हुई है. थानाध्यक्ष सीटू कुमारी ने बताया कि जितने भी घायल अस्पताल भेजे गए हैं उनके बारे में अभी डीटेल्स बाद में मिलेंगे. पहले विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने में हमलोग लगे हुए हैं.



### एसडीओ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

## मोतिहारी में लगातार हो रही बारिश के बाद स्थिति का लिया जायजा, दिए कई निर्देश

मोतिहारी, मोतिहारी नदियों के जल स्तर में हो रहे तेजी से वृद्धि को देखते हुए मोतिहारी सदर के एसडीओ श्रेष्ठ अनुपम ने बाढ़ के पहले की जा रही तैयारी का जायजा लिया। शुक्रवार को सुगौली अंचल का उन्होंने दौरा किया। इस दौरान अंचल के माली, बेलबतिया एवं गोरीगांवा पंचायत का दौरा कर स्थानीय लोगों से मिलकर जानकारी जुटाई।इसके साथ ही सदर एसडीओ ने सिकरहना नदी का भी मुआयना किया। मौके पर अंचलाधिकारी सुगौली कुंदन कुमार और कार्यपालक अभियंता नहर प्रमंडल सिकरहना भी मौजूद थे। एसडीओ ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी किया। इस दौरान बाढ़ की तैयारी को लेकर एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के अनुसार सभी व्यवस्थाओं को अपडेट रखने का निर्देश दिया। अंचलाधिकारी को नदी के जलस्तर और बारिश पर लगातार नजर बनाए रखने और क्षेत्र दौरा के दौरान स्थानीय लोगों से मिलकर सूचना प्राप्त करते रहने का निर्देश भी दिया। वहीं इसके बाद अंचलाधिकारी ने लालपरसा,निमुइया, उतरी बारी टोला और दक्षिणी बारी टोला का दौरा भी किया।



### अगस्त में गिर जाएगी नरेंद्र मोदी सरकार..

## RJD स्थापना दिवस पर लालू यादव की भविष्यवाणी

लालू यादव एक पक्खड़ राजनेता हैं. उनके बयान के मायने दूर तक होते हैं. उन्होंने भविष्यवाणी की है कि मोदी सरकार अगस्त महीने में गिर जाएगी, तो उसके पीछे सत्ता पक्ष पर दबाव की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है. हालांकि लालू यादव के इस बयान पर अभी तक बीजेपी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. लेकिन लालू ने अपने कार्यकर्ताओं को साफ मैसेज दे दिया है कि थमना नहीं है, 2025 का विधानसभा लक्ष्य है.

वहीं तेजस्वी यादव ने भी मंच से दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कुछ और मेहनत की होती तो 5 से 6 सीट आरजेडी की और बढ़ सकती थी. यदि इंडिया गठबंधन को 15 से 20 सीटें और आ गईं होतीं तो मोदी जी की सरकार नहीं बन पाती. राष्ट्रीय जनता दल का गठन 5 जुलाई 1997 को लालू यादव के नेतृत्व में पार्टी की स्थापना दिल्ली में हुई. लालू के नेतृत्व में रघुवंश प्रसाद सिंह, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मुहम्मद तस्लीमुद्दीन, अली असरफ फ़ातिमी, अब्दुल बारी सिद्दीकी समेत 17 लोकसभा और 8 रायसभा सांसदों और सैकड़ों वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में राजद की घोषणा हुई थी.



## महागठबंधन सरकार के समय जारी 3600 करोड़ रुपये के टेंडर रद्द

बिहार सरकार पिछले महागठबंधन सरकार के समय की फाइलों को खंगालने में जुटी है। बिहार सरकार ने महागठबंधन सरकार के समय जारी हुए 3600 करोड़ रुपये के ग्रामीण जलापूर्ति कार्यों के टेंडर रद्द कर दिए हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण (पीएचईडी) मंत्री नीरज कुमार सिंह ने बताया कि महागठबंधन सरकार के समय जारी हुए टेंडरों में खामियां पाई गईं, जिसके बाद ये फैसला लिया गया। अब विभाग जल्द से जल्द काम के लिए संशोधित निविदाएं जारी करेगा। मंत्री नीरज कुमार सिंह ने कहा कि विभाग की जांच के बाद ये निर्णय लिया गया है। जांच में पाया गया कि इन टेंडरों को जारी करने में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और पर्याप्त क्षेत्रों को कवर नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग ने पिछली महागठबंधन सरकार के दौरान ग्रामीण जलापूर्ति प्रणाली से संबंधित 3600 करोड़ रुपये के टेंडर रद्द कर दिए हैं। इससे पहले हमने पीएचई विभाग के 826 करोड़ रुपये के 350 टेंडर रद्द किए थे। अब तक विभाग ने पिछली सरकार के दौरान अंतिम रूप दिए गए 4,400 करोड़ रुपये से अधिक के टेंडर रद्द किए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में पता चला है कि निविदा प्रक्रिया में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। पर्याप्त क्षेत्रों को भी कवर नहीं किया गया था। अब विभाग जल्द से जल्द काम के लिए संशोधित निविदाएं जारी करेगा। सिंह ने कहा कि ये निविदाएं ग्रामीण जलापूर्ति कार्यों से संबंधित थीं, जिसमें हैंडपंप और मिनी जलापूर्ति प्रणाली की स्थापना शामिल है।

उन्होंने कहा कि मैंने जांच रिपोर्ट मिलने के बाद हाल ही में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। उस बैठक के बाद इन निविदाओं को रद्द करने का आदेश जारी किया गया।

पिछली सरकार के दौरान राजद नेता ललित यादव पीएचईडी मंत्री थे। सिंह ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान पीएचई विभाग के 4600 करोड़ रुपये के कुल 1,160 टेंडर जारी किए गए थे। उन्होंने पाई गई अनियमितताओं के बारे में विवरण देने से इनकार कर दिया।

उन्होंने कहा कि हमने अब तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में 1,500 हैंडपंप लगाए हैं। नए क्षेत्रों में तीन हजार और हैंडपंप लगाने की प्रक्रिया जारी है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य के ग्रामीण इलाकों में ट्रीटमेंट यूनिट के साथ सोलर मिनी पाइप्ड वाटर सप्लाई सिस्टम लगाने का फैसला किया है। जनवरी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी से नाता तोड़ लिया और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में वापस आ गए। एनडीए के सत्ता में वापस आने के तुरंत बाद सरकार ने आरजेडी मंत्रियों के विभागों द्वारा लिए गए सभी फैसलों की समीक्षा का आदेश दिया।